उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड– 249404

संख्या :: 07/07/E-2/DR/JW/2022-23 दिनाँक :: 12 अप्रैल, 2023

विज्ञप्ति
कारागार विभाग के अन्तर्गत जेल बन्दीरक्षक परीक्षा–2022
(शारीरिक मापदण्ड व शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जेल बन्दीरक्षक परीक्षा–2022 के अन्तर्गत शारीरिक मापदण्ड व शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में विज्ञप्ति सं0 : 01/07/E-02/DR/JW/2022-23 दिनांक 03.04.2023 जारी की गयी थी, उक्त विज्ञप्ति में ''**ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में शारीरिक मापदण्ड में छूट का दावा किया हो, उक्त अभ्यर्थी शारीरिक माप में छूट हेतु अनुसूचित जनजाति प्रमाण–पत्र अथवा पर्वतीय क्षेत्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे**, का उल्लेख किया गया था।

उक्त के स्थान पर ऐसे ''**ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में शारीरिक मापदण्ड में छूट का दावा किया हो, उक्त अभ्यर्थी शारीरिक माप में छूट हेतु अनुसूचित जाति प्रमाण–पत्र, अनुसूचित जनजाति प्रमाण–पत्र अथवा पर्वतीय क्षेत्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे**, पढ़ा जाये।

2– संगत सेवा नियमावली के बिन्दु सं0–15 शारीरिक योग्यता (1) एवं विज्ञापन के बिन्दु सं0–04, तथा 07 में ''**दृष्टि एक आंख में 6/6 एवं दूसरी आंख में 6/6 से कम नहीं होनी चाहिए। अर्थात बिना चश्में के दाहिने हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों के लिये दाहिनी आंख के लिये 6/6 और बांये हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों के लिये 6/6 होनी चाहिए। वर्णान्धता/भैंगापन से पूर्णरूप से मुक्त होना आवश्यक है। सटा घुटना, सपाट पैर, बोलैग, वेरीकोस वेन, हकलाना, विकलांगता और अन्य विकृतियां या समस्याएं, जो बंदीरक्षक की ड्यूटी में किसी प्रकार की बाधा पैदा करते हों को अयोग्य माना जायेगा**'' का उल्लेख किया गया है।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत पद के अंतिम चयन परिणाम से पूर्व चिकित्सीय परीक्षण के संबंध में अभिलेख सत्यापन के समय कार्यवाही की जाएगी।

3– जेल बन्दीरक्षक पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थी यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि में परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने में असमर्थ रहता है तो, उक्त स्थिति में अभ्यर्थी को शारीरिक परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किये जाने हेतु लिखित रूप में साक्ष्य/प्रमाण–पत्र सहित अपना प्रत्यावेदन सम्बन्धित भर्ती के परीक्षा केन्द्र प्रभारी/सेनानायक को प्रेषित कर सकते है।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव